


## समय रहते बीमारी का पता चलना बेहद जरूरी



**मुजफ्फरनगर:** न्यूरो सिटी हॉस्पिटल की ओर से आर सोशल वेलफेयर ट्रस्ट एवं वीरेंद्र वर्मा विचार मंच के सहयोग से मुश्ताक मंजिल, आर.के. टेलर्स मेन रोड खालापार में नि:शुल्क परामर्श कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुभाष चौहान नामित सदस्य स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि मौजूदा समय में तरह-तरह की गम्भीर बीमारियां चल रही हैं, जिसके लिये समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना आवश्यक है, लेकिन गरीब व्यक्ति स्वास्थ्य का परीक्षण नहीं करा पता, जिसके लिये चिकित्सकों एवं संस्थाओं को आगे आना होगा।

मिली जानकारी के अनुसार न्यूरो सिटी हॉस्पिटल की ओर से आर सोशल वेलफेयर ट्रस्ट एवं वीरेंद्र वर्मा विचार मंच के सहयोग से मुश्ताक मंजिल, आर.के. टेलर्स मेन रोड खालापार में नि:शुल्क परामर्श कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में आए हुए मरीजों को न्यूरो सिटी हॉस्पिटल से आई नवजात एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि मलिक एम.बी.बी.एस. एम.डी. पीडियाट्रिक्स व न्यूरो सृजन डॉक्टर अश्वमेध सिंह बालियान एम.बी.बी.एस., एम.एस., एम.सी. एच. न्यूरोसर्जरी, बी.एच.यू., एंडोस्कोपिक स्पाइन एण्ड ब्रेन सर्जन ने निशुल्क परामर्श दिया और बाल रोग व न्यूरो स्पाइन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। सुभाष चौहान नामित सदस्य स्वास्थ्य विभाग ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम आयोजक उमादत्त शर्मा वीरेंद्र वर्मा विचार मंच व हाजी सरफराज चेयरमेन आर.के. ट्रस्ट की सुभाष चौहान ने प्रशंसा करते हुए कहा कि लगातार शर्मा और हाजी अपनी संस्थाओं के माध्यम से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कराते रहते हैं, जो समाज के लिये बेहद जरूरी और मानव स्वास्थ्य के लिये लाभकारी हैं, क्योंकि मौजूदा समय में तरह-तरह की गम्भीर बीमारिया पनप रही हैं, जिसके लिये गरीब व्यक्ति अपने स्वास्थ्य का परीक्षण नहीं करा पाते, ऐसे में चिकित्सकों एवं सामाजिक संस्थाओं का उत्तरदायित्व है कि वे आगे आयें और इस तरह के सराहनीय कार्य करें।

उन्होंने कहा कि मैं आभार व्यक्त करता हूं न्यूरो सिटी हॉस्पिटल से आए हुए समस्त चिकित्सकों एवं कार्यक्रम आयोजकों का, जिन्होंने इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कर जनता तक नि:शुल्क इसका लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अन्य सामाजिक संस्थाओं को बढ़-चढ़कर इस तरह के सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके पर मुख्य रूप से अतिथियों के रूप में सचिन त्यागी वरिष्ठ समा. जसेवी, नेहा अरोड़ा देवोपम किड्स गार्डन स्कूल, आशुतोष शर्मा किड्जी स्कूल प्रेमपुरी, लोकेश चौहान यूनिक कोचिंग सेंटर, सतीश तायल, तायल मेडिकोज आदि मौजूद रहे। भारी संख्या में क्षेत्रवासियों ने नि:शुल्क परामर्श लेकर कैंप का लाभ उठाया। आर सोशल वेलफेयर ट्रस्ट एवं वीरेंद्र वर्मा विचार मंच के सहयोग से मुश्ताक मंजिल, आर.के. टेलर्स मेन रोड खालापार में नि:शुल्क परामर्श कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर आर के ट्रस्ट व वीरेंद्र वर्मा विचार मंच से जुड़े सभी लोग और न्यूरो सिटी हॉस्पिटल से आए डॉक्टर्स व उनकी पूरी आदि टीम मौजूद रहे।

**Satish Tayal.**
**mob. 9760007069**







## झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिकों पर प्रशासन की कार्रवाई

**हल्द्वानी:** उत्तराखंड के नैनीताल जिले में प्रशासन और स्वास्थ्य महकमे ने बड़ी कार्रवाई की है। संयुक्त टीम ने लालकुआं क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे चिकित्सकों के क्लीनिकों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की और झोलाछाप चिकित्सकों के क्लीनिकों को सील किया गया। साथ ही कईयों के चालान किए गए। इस कार्यवाही से हड़कंप मचा रहा। अवैध रूप से संचालित हो रहे क्लीनिकों पर अंकुश लगाने के लिए तहसीलदार लालकुआं मनीषा बिष्ट और अपर मुख्य चिकित्साधिकारी नैनीताल डॉ रजत भट्ट के संयुक्त नेतृत्व में चिकित्सकों व राजस्व कर्मचारियों की टीम ने सबसे पहले हल्दूचौड़ क्षेत्र में छापा मारा।

यहां मुख्य बाजार हल्दूचौड़ स्थित डीके क्लीनिक में संचालक धर्मवीर सिंह के पास नेचरोपैथी योगा की डिग्री तो थी, लेकिन वह इसकी आड़ में उनके द्वारा मिनी मेडिकल स्टोर चला रहा था। साथ ही वहां भारी मात्रा में इंजेक्शन एवं दवाएं बेची जा रही थी। टीम ने क्लीनिक को सीज कर संचालक का 10 हजार का चालान किया और तीन दिन के भीतर कार्यालय में प्रपत्रों के साथ पहुंचने के निर्देश दिए। इसके बाद उक्त टीम हल्दुचौड़ के ही कमलेश मेडिकल स्टोर में पहुंची। इसके संचालक अमर सिंह रोगियों का उपचार कर रहे थे। इस क्लीनिक में जिसके नाम का मेडिकल रजिस्ट्रेशन था, वह भी मेडिकल में अनुपस्थित मिला। टीम ने संचालक का 10 हजार का चालान करते हुए इस क्लिनिक को भी सीज कर दिया। इसके बाद मंडल क्लीनिक हल्दूचौड़ जग्गी में टीम द्वारा छापेमारी की गई। इसके संचालक के पास नेचुरोपैथी की डिग्री थी, परंतु क्लीनिक में दवा इंजेक्शन के साथ-साथ भारी मात्रा में प्रयोग किए गए सिरिंज भी बरामद हुए। यहां भी चालान की कार्रवाई करते हुए संचालक को तीन दिन के भीतर सीएमओ कार्यालय पहुंचने के निर्देश दिए गए। साथ ही क्लिनिक सीज कर दिया गया। लालकुआं पर उन्होंने गौला रोड स्थित आर रस्तोगी डेंटल क्लीनिक में छापेमारी की, और रिंकू रस्तोगी के पास कोई भी वैध डिग्री नहीं पाई गई, एलोपैथिक मेडिसिन एवं शून्न करने के इंजेक्शन भी मौके में बरामद हुए, छापा मार दल ने संचालक पर 10 हजार का चालान करते हुए क्लीनिक सीज कर दिया। उक्त टीम ने मुख्य बाजार स्थित ओम क्लिनिक में भी छापेमारी करते हुए संचालक को तीन दिन के भीतर सीएमओ कार्यालय में प्रपत्र के साथ पहुंचने के निर्देश दिए। टीम में तहसीलदार मनीषा बिष्ट, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रजत भट्ट, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ राहुल लशपाल, लालकुआं के चिकित्साधिकारी डॉ लव पांडे और डॉ केएम गुप्ता सहित भारी संख्या में राजस्व कर्मी मौजूद थे।

**Noor Mohammad, mob. 9456269821**





"यदि किसी का स्वभाव अच्छा है तो उसे किसी और गुण की क्या जरूरत है? यदि आदमी के पास प्रसिद्धि है तो भला उसे और किसी श्रृंगार की क्या आवश्यकता है?" -चाणक्य




## स्वास्थ्य विभाग की रेड, चार मेडिकल स्टोर व क्लिनिक सीज

**हल्द्वानी:** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापामारी कर चार मेडिकल स्टोर व क्लीनिकों को सील किया है। लालकुआं व आसपास के क्षेत्रों में फर्जी तरीके से चल रहे मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक के खिलाफ जिलाधिकारी वंदना के निर्देश पर कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य एवं तहसील विभाग की संयुक्त टीम ने आधा दर्जन के करीब मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक में छापामारी की। इन पर कई अनियमितताएं पाई गई। इसके तहत हल्दूचौड़ के डीके क्लिनिक, कमलेश मेडिकल स्टोर, और हल्दूचौड़ जग्गी के ही मंडल क्लिनिक को सीज कर दिया गया। इनके संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को रिपोर्ट भेज दी गई है।

टीम को लालकुआं के रस्तोगी डेंटल क्लीनिक में भी भारी अनियमिताएं मिली। डेंटल क्लीनिक को बिना किसी डिग्री के संचालित किया जा रहा था। उसे भी सीज कर दिया गया है। लालकुआं तहसील गेट के सामने ओमकार क्लीनिक में भी अनियमितताएं मिलने पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्वास्थ्य विभाग की छापेमार कार्रवाई के दौरान झोलाछापों में हडकंप मचा रहा। अनेक झोलाछाप क्लीनिक संचालक शटर गिराकर चले गए।



Biounity Pharma
THIRD PARTY MANUFACTURING SERVICE
Committed to Healthcare through Innovation & Quality
WE OFFER
MORE THAN 1000 PRODUCTS
EXCEPTIONAL PROFIT MARGIN
PROMPT / TIMELY DELIVERY
COMPLETE MONOPOLY RIGHTS
EXCLUSIVE PROMOTIONAL MATERIAL
ATTRACTIVE PACKING
Wide Therapeutic Range
CONTACT FOR BEST RATE IN THIRD PARTY MANUFACTURING
8449549885
8476946001
po.pharmabiounity@gmail.com
mkt.biounitypharma@gmail.com
Orthopadic, Gynecare, Gastroenterology
Anti-Infective, Urology Care, Anti-Allergic
Cardiovascular, Anti-Diabetic, Cough & Cold
Bronchodilator, Paediatric, Respiratory
Injectables, Neuropsychiatry, Nutritional Supplements
OTC Products, Derma Care, Eye/Ear/Nasal Drops

## क्षणिकाएं

1. अच्छा व्यवहार, लोकप्रियता लाएगी। बुरा व्यवहार, अकेला कर जाएगी।
2. गति पर, नियंत्रण चाहिए। वरना, हड्डिया तुड़वाईए।
3. बढ़ती आयु में, दुखी मत हो पाओ। सामंजस्य बिठाओ, सब में घुल मिल जाओ।
4. पूरे परिवार ने, साथ में खाना खाया। भोजन का स्वाद, अलग निखर पाया।
5. व्यवहार में, नम्रता लाओगे। निश्चित ही, खुशियां पाओगे।
6. बदलते समय के साथ, आप भी बदल पाइये। पर कुछ भी हो जाये, संस्कारों को भूल न जाइये।

27, ललितपुर कॉलोनी, डॉ. पी. एन. लाहा मार्ग लश्कर, ग्वालियर (म०प्र०) मो० न० : 9826611169

OUR USP
"PIC/S" approved "State of Art Facilities"
A WHO-GMP Certified company with operations in more than 62 countries
Top most clients of Indian pharmaceuticals companies
500+ Products with pan India operations
"Bulk stock available"
And Many More...
Saving Life Beyond Excellence
Highest production capacity of respules in India
Our Products Segment :
LVP - Large Volume Parenterals
SVP - Small Volume Parenterals
Eye drop manufacturing in FFS technology & three pieces
Nebuliser Suspension/Solution manufacturing in FFS technology
Upcoming facilities
Ampoules & Vial
Dry Powder Injections
For any information, please feel free to contact us :
AXA PARENTERALS LTD.
7 KM Milestone, Roorkee - Chandigarh Highway, Puhana Chowk, Roorkee, Haridwar, Uttarakhand, INDIA
+91 9997574343 / 9997502111
Follow us : axaparr axapar LtdAxa Axa Parenterals Ltd axapar.com
dgm@axapar.com
www.axaparenterals.com

"Excellence In Healthcare Everyday"
DEUS LABORATORIES PVT. LTD.
Deus Laboratories Pvt. Ltd
A wide range of speciality products in Third Party Manufacturing, PCD Franchises, Generic & OTC including Tablets, Capsules, Liquids, Ointments, Dry Syrups, Lotions & Neutraceutical Products.
Requires:
* Financially sound parties for state wise monopoly rights.
* Sales Promotional Managers state wise.
DEUS LABORATORIES PVT. LTD.
Manufacturing Unit: Khasra No. 26 kA Shiv Ganga Industrial Estate Village. Lakeshwari, Bhagwanpur Roorkee District. Haridwar Uttrakhand 247661
Corporate Office: 2nd Floor SLV Tower Kanwali Road, Near Balliwala Chowk Dehradun Uttrakhand 248001
Contact Details: Head Office: 7773006620 Sales: 8006077773 Production:8006077772 Designing: 7060028254 Customer Care: +91 135 314 4200 Mail: deuslaboratories@gmail.com

## केयर हॉस्पिटल ने पाचन रोग और यकृत प्रत्यारोपण संस्थान का उद्घाटन किया

**हैदराबाद:** ग्रीन फील्ड विस्तार के लिए आगे बढ़ते हुए केयर हॉस्पिटल्स ने अपने हैदराबाद स्थित अस्पताल में पाचन रोग और लीवर प्रत्यारोपण संस्थान खोला है । इसके साथ ही अस्पताल समूह ने पूरे भारत में छह लीवर प्रत्यारोपण केंद्र स्थापित किए हैं। यह संस्थान लीवर, जठरांत्र और अग्नाशय की बीमारियों के लिए अत्यंत सटीकता के साथ व्यापक देखभाल प्रदान करेगा, जिससे रोगियों के लिए सर्वोत्तम संभव परिणाम होंगे। उद्घाटन समारोह में केयर इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और गैर–कार्यकारी निदेशक डॉ. के. हरि प्रसाद ने कहा, उन्नत चिकित्सा प्रौद्योगिकी और दयालु रोगी देखभाल का यह निर्बाध एकीकरण सर्जरी और पश्चात की देखभाल के माध्यम से प्री–ऑपरेटिव प्रबंधन से बेहतर रोगी अनुभव सुनिश्चित करता है, जिससे वयस्क और बाल चिकित्सा लीवर प्रत्यारोपण दोनों के लिए उत्कृष्ट रिकवरी दर प्राप्त होती है।

## केकेआर अपैक्स से 7000 करोड़ रुपये में हेल्थियम मेडटेक खरीदेगी

**नई दिल्ली:** केकेआर अपने मौजूदा पीई मालि. कों अपैक्स पार्टनर्स से 7000 करोड़ रुपये (+ 840 मिलियन) उद्यम मूल्य पर हेल्थियम मेडटेक (पूर्व में स्यूचर इंडिया) का अधिग्रहण करने के लिए पूरी तरह तैयार है। एक कड़े मुकाबले के बाद जिसमें मैनकाइंड फार्मा का एक संघ भी शामिल था – क्रिसकैपिटल और नोवो होल्डिंग्स, डेनिश दवा प्रमुख नोवो नॉर्डिस्क के नियंत्रक शेयरधारक, लोगों ने कहा। केकेआर और अपैक्स ने बेंगलुरु स्थित हेल्थियम मेडटेक के अधिग्रहण के लिए बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और औपचारिक घोषणा करने की संभावना है, ऊपर वर्णित लोगों ने कहा। हेल्थियम वैश्विक स्तर पर मात्रा के हिसाब से सर्जिकल सुइयों का सबसे बड़ा निर्माता है। मनीकंट्रोल सबसे पहले रिपोर्ट की थी कि केकेआर हेल्थियम के लिए सबसे अधिक बोली लगाने वाला था। सूत्रों ने बताया कि एक अन्य दावेदार मैनकाइंड–क्रिसकैपिटल ने 6500 करोड़ रुपये (780 मिलियन डॉलर) की कीमत की पेशकश की है। अपैक्स के पास कंपनी का 99.8 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि शेष 0.2 प्रतिशत हेल्थियम मेडटेक के सीईओ और एमडी अनीश बाफना के पास है। हेल्थियम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सर्जिकल सिवनी निर्माता कंपनी है, जिसकी भारत में लगभग 18 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। बाफना केकेआर के तहत कंपनी चलाना जारी रखेंगे। संपर्क करने पर केकेआर के प्रवक्ता अपैक्स पार्टनर्स ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इससे पहले 2022 में हेल्थियम मेडटेक ने अपनी यूके स्थित सहायक कंपनी को अज्ञात राशि में केकेआर को बेच दिया था। इसने वॉटफोर्ड स्थित क्लिनसप्लाईज को केकेआर हेल्थ केयर स्ट्रैटेजिक ग्रोथ फंड II को बेच दिया था।

सुचर्स इंडिया की स्थापना मूल रूप से 1992 में बेंगलुरु में एलजी चंद्रशेखर और एस सुब्रमण्यम द्वारा की गई थी, जो स्मिथ एंड नेफ्यू और जॉनसन एंड जॉनसन के पूर्व अधिकारी थे। वित्त वर्ष 24 में, कंपनी ने 820 करोड़ रुपये का राजस्व और 256 करोड़ रुपये का एबिटा पोस्ट किया। इस वित्तीय वर्ष में, राजस्व 1,020 करोड़ रुपये तक पहुँचने की उम्मीद है, जबकि एबिटा लगभग 350 करोड़ रुपये है। तब यह लेन–देन चालू वित्त वर्ष 25 के मौजूदा एबिटडा गुणक के 20 गुना पर किया जा रहा है। जॉनसन एंड जॉनसन की एथिकॉन इंक वर्तमान बाजार की अग्रणी कंपनी है। वैश्विक सर्जिकल टांके बाजार में अर्थ्रेक्स इंक और कोविडियन होल्डिंग इंक कुछ अन्य खिलाड़ी हैं।

इस साल की शुरूआत में, अपैक्स ने निवेश बैंक जेफरीज को कंपनी के प्रस्तावित सौदे के लिए औपचारिक बिक्री प्रक्रिया शुरू की थी। पार्टनर्स ग्रुप, हिलहाउस, टीए एसोसिएट्स, कार्लाइल और कनाडाई पेंशन फंड सहित दो दर्जन फंडों ने गैर–प्रकटीकरण समझौतों पर हस्ताक्षर करने के बाद सूचना ज्ञापन उठाया था, अंतत: केवल तीन ने बाध्यकारी बोलियां प्रस्तुत कीं पिछले कुछ वर्षों में, इनवसेन्ट के नेतृत्व वाली इंडिया लाइफ साइंसेज, सीएक्स पार्टनर्स और टीपीजी ग्रोथ सहित कई पीई निवेशकों ने कंपनी का समर्थन किया है जब तक कि टीपीजी ग्रोथ ने 73 प्रतिशत नियंत्रित हिस्सेदारी नहीं ले ली। 2018 में, अपैक्स पार्टनर्स ने टीपीजी ग्रोथ, सीएक्स पार्टनर्स और संस्थापक शेयरधारकों को लगभग 1,950 करोड़ रुपये (+ 300 मिलियन) में खरीद लिया दावा किया जाता है कि हेल्थियम उत्पादों ने 18,000 अस्पतालों में 40,000 से अधिक सर्जनों को कवर किया है।

कर्म ही पूजा है

1st time in Bharat
6 in 1 Customizable ERP
Trusted by 90000 + of users across GLOBE
Finance
Sales Force Automation
Supply Chain Management
HR-Payroll
Manufacturing Module
E-commerce
CBO Central Business Online
The Perfect Way of Customization
CBO ERP Limited
An ISO 27001:2013 Company
We have1300+ Satisfied Companies
Our presence is in more than 10 countries
+91-9891886164
info@cboerp.com
www.cboerp.com

## होमियोपैथिक की 41 कार्टन दवाइयां जब्त, बिना लाइसेंस के कंपनी बना रही थी दवा

**रांची:** होमियोपैथिक दवा बिना लाइसेंस के बनाने वाली कंपनी का पर्दाफाश किया गया है। मौके से अवैध दवाइयों के 41 कार्टन बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई रांची के औषधि नियंत्रक विभाग की टीम ने टिलटांड़ गोविंद नगर में की। छापामारी टीम में ड्रग इंस्पेक्टर प्रतिभा झा, मो. नसीम, पुतली बिलोंग, आलोक कुमार, अमित कुमार शामिल रहे। औषधि नियंत्रण विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि एक दवा कंपनी बिना लाइसेंस के दवा का निर्माण कर इसे बाजार में बेच रही है। सूचना के आधार पर ड्रग इंस्पेक्टर की टीम बनाकर मौके पर छापेमारी की गई। टीम ने मौके से करीब 41 कार्टन निर्मित दवा, दवा बनाने में इस्तेमाल होने वाली खाली बोतल, लेवल्स, कैप्स और दवाओं को सील करने वाली मशीन जब्त की। औषधि निदेशालय में संयुक्त निदेशक सुजीत कुमार के अनुसार बरामद दवाओं की गुणवत्ता जांचने के लिए आठ सैंपल लिए गए हैं। इन्हें लैब में भेजा जाएगा। मामले में ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि बिना लाइसेंस के दवा निर्माण करने पर कम से कम पांच साल की सजा का प्रावधान है। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि जितेंद्र कुमार यादव नाम का व्यक्ति होमियोपैथी दवा बनाता था। वर्ष 2021 में उसका दवा निर्माण कंपनी का लाइसेंस रद्द हो गया था। इसके बाद भी वह दवा बनाा और बिक्री करता रहा।

## ड्रग रैकेट का भंडाफोड़, 170 किलो कफ सिरप व 32000 टेबलेट जब्त

**मुंबई:** ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ करने में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की मुंबई विंग को सफलता मिली है। टीम ने मौके से 160 किलोग्राम से अधिक कफ सिरप और प्रति. बंधित नशीली दवाओं की 32000 से अधिक टेबलेट्स जब्त की हैं। इस ऑपरेशन में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है। एनसीबी के अनुसार गुप्त सूचना मिलने पर ऑपरेशन शुरू किया गया था। इसके तहत शुरुआत में पनवेल में एक गोदाम से 12,400 अल्प्राजोलम और 169.7 किलोग्राम कोडीन सिरप जब्त किया गया था। तलाशी के दौरान एनसीबी अधिकारियों ने ठाणे के मुंब्रा में एक घर से अतिरिक्त 9,600 अल्प्राजोलम और 10,380 नाइट्राजेपम गोलियां भी जब्त कीं। अधिकारियों का मानना है कि नशीली दवाओं को अंतर्देशीय पार्सल के माध्यम से अन्य राज्यों से अवैध रूप से मंगाया गया था। एनसीबी को एक गुप्त सूचना मिली थी कि ठाणे स्थित एक गिरोह कथित तौर पर अवैध रूप से इस्तेमाल की जाने वाली फार्मास्युटिकल दवाओं की खरीद और बिक्री कर रहा है। जानकारी के लिए खुफिया नेटवर्क को सतर्क कर एक कुरियर लाइन की पहचान की गई। इसका नशीली दवाओं की सप्लाई के लिए दुरुपयोग किया जा रहा था। टीम को पता चला कि टीएम शफी नामक व्यक्ति नशीली दवाओं की खेप का काम करता है। उसकी तलाशी के दौरान ड्रग्स बरामद की गई।

Park
ISO GMP GLP WHO-COMLIENS SCHEDULE M
Manufacturing Facility at Baddi, Himachal Pradesh
TABLETS CAPSULES LIQUIDS
INJECTION EYE/EAR & NASAL DROPS DRY SYRUP
Proposals Invited for Marketing Tie-ups, Contact/Third Party Manufacuturing/Export Orders
Looking Distributors on PCD/Franchisee Basis in un-represented area
SCO-206, First Floor, Sector-14, Panchkula (Haryana)
PH : +91 92170-80009, +91 92183 98388
PARK CARE | SPACE CARE | CareHealth
Works : Village Kalujhanda, Teh. Baddi (H.P.)
Corporate Office : SCO 206, 1st Floor, Sector-14, Panchkula (Haryana)
E-mail : gmcontpark@gmail.com
Web Site : www.parkpharma.net

ProctoPiles® कैप्सूल्स / क्रीम
24 घण्टे* के अन्दर खून, दर्द, जलन व खुजली से शुरूआती राहत पायें।
सभी प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध
No Side Effects
• ये ड्रॉप ब्लडिंग रोकने में मदद करता हैं।
• मस्सो की गांठ को हटाने में सहायक हैं।
• मस्सो में होने वाले दर्द को कम करता हैं।
आयुर्वेद एक चमत्कार...
Vrinda life (A DIVISION OF GOPAL LIFESCIENCES) A WHO-GMP CERTIFIED UNIT
Helpline No. 82880-01088




# भारत ने ऑस्ट्रेलिया में दवा मूल्य नियंत्रण का मुद्दा उठाया

**नई दिल्ली:** भारत ने हाल ही में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच द्विपक्षीय बैठक के दौरान ऑस्ट्रेलिया में फार्मास्यूटिकल मूल्य नियंत्रण, विशेष रूप से जेनेरिक दवाओं का मुद्दा उठाया है। वाणिज्य मंत्रालय ने दोनों पक्षों ने बाजार पहुंच के मुद्दों के समय पर समाधान, लोगों से लोगों के बीच संपर्क को गहरा करने और तरजीही आयात डेटा साझा करने के लिए एक संस्थागत तंत्र बनाने पर मिलकर काम करने का फैसला किया है। 2023-24 में देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 7.7 प्रतिशत घटकर 24 बिलियन अमरीकी डॉलर रह गया, जबकि 2022-23 में यह 26 बिलियन अमरीकी डॉलर था। भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (इंड-ऑस ईसीटीए) के तहत कैनबरा में पहली संयुक्त समिति की बैठक (जेसीएम) के दौरान अन्य मुद्दों के अलावा इन मुद्दों पर चर्चा की गई । मंत्रालय ने कहा, दोनों पक्षों ने ECTA के सुचारू कार्यान्वयन को स्वीकार करते हुए, जैविक उत्पादों पर MRA (पारस्परिक मान्यता समझौते), भिंडी, अनार, अंगूर, पनीर जैसे उत्पादों से संबंधित बाजार पहुंच के मुद्दों सहित ECTA कार्यान्वयन के मुद्दों पर संक्षेप में विस्तार से बताया ऑस्ट्रेलिया में विशेष रूप से जेनेरिक पर दवा मूल्य नियंत्रण, व्हिस्की और वाइन पर कार्य समूह द्वारा की गई प्रगति। मंत्रालय ने कहा कि इसका उद्देश्य नियामक चुनौतियों का समाधान करना और इन उत्पादों के व्यापार को बढ़ावा देना था, भारत में झींगा और झींगा के लिए रोग मुक्त क्षेत्रों की स्थापना पर भी चर्चा की गई। इसमें कहा गया है कि जेसीएम बैठक में कुछ महत्वपूर्ण सेवा मुद्दों पर विचार किया गया, जिसमें नर्सिंग और दंत चिकित्सा जैसे व्यवसायों में सीमा पार ई-भुगतान और एमआरए की सुविधा के लिए भारत के अनुरोध पर विचार करना शामिल है।

भारत-ऑस्ट्रेलिया सीईसीए (व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता) वार्ता के तहत डीएफएटी से अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल और सहायक सचिव रवि केवलराम के बीच मुख्य वार्ताकार स्तर पर भी चर्चा हुई, जिसमें नौ दौर के बाद हुई प्रगति की समीक्षा की गई और संतुलित परिणाम पर पहुंचने के उद्देश्य से इसके पूरा होने के लिए आगे का रास्ता तय किया गया। ऑस्ट्रेलिया ओशिनिया क्षेत्र में भारत का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापारिक व्यापार 2023-24 में लगभग 24 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है, जो आगे विकास की महत्वपूर्ण क्षमता का संकेत देता है। यह बैठक व्यापार संबंधों को और मजबूत करने तथा व्यापार सुविधा, निवेश संवर्धन जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग के लिए नए अवसरों का पता लगाने के साथ-साथ प्रौद्योगिकी के लिए समर्थन सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक मंच के रूप में कार्य करती है।




# त्रिपुरा के जी.बी. पंत अस्पताल में किडनी प्रत्यारोपण सुविधा शुरू की जाएगी: मुख्यमंत्री माणिक साहा

**अगरतला:** त्रिपुरा में स्वास्थ्य सेवा के लिए एक महत्वपूर्ण विकास में , मुख्यमंत्री माणिक साहा ने गुरुवार को घोषणा की कि जी.बी. पंत अस्पताल जल्द ही किडनी प्रत्यारोपण प्रक्रियाओं को करने के लिए सुसज्जित होगा। यह घोषणा जी.बी. पंत और अगरतला सरकारी मेडिकल कॉलेज (ए.जी.एम.सी.) के निरीक्षण दौरे के बाद की गई। अपने दौरे के दौरान, साहा ने अस्पताल में चल रही प्रगति पर प्रकाश डाला, जिसमें सात नए सुपर-स्पेशियलिटी आउटपेशेंट विभागों और वार्डों को समायोजित करने के लिए कार्यालयों का स्थानांतरण शामिल है।

उन्होंने अब तक की प्रगति पर अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा, हमारा लक्ष्य एक ही छत के नीचे व्यापक देखभाल प्रदान करने के लिए इन संवर्द्धनों को तेजी से पूरा करना है। इसके अतिरिक्त, साहा ने अस्पताल परिसर में पानी की गुणवत्ता के बारे में चिंताओं को संबोधित किया। उन्होंने पानी में उच्च लौह तत्व से निपटने के लिए एक आयरन रिमूवल प्लांट की स्थापना की योजना का खुलासा किया, जो सुविधा में स्वास्थ्य और स्वच्छता मानकों को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साहा ने अस्पताल की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा, हमें जीबी पंत में पानी में आयरन तत्व की जानकारी है, इसलिए हम आयरन रिमूवल प्लांट लगाने की संभावना तलाश रहे हैं। हमारा लक्ष्य उपलब्ध बुनियादी ढांचे का लाभ उठाते हुए इसे उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में स्थापित करना है। मुख्यमंत्री ने आगामी किडनी प्रत्यारोपण सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी, जो अस्पताल की सेवा क्षमताओं के लिए एक महत्वपूर्ण छलांग है। उन्होंने बताया, डॉक्टरों और कर्मचारियों की एक टीम को प्रशिक्षण के लिए मणिपुर भेजा गया है, और वे वापस आ गए हैं। हम जल्द ही इन सुविधाओं को खोलने की तैयारी कर रहे हैं। इस कदम से उन रोगियों पर बोझ कम होने की उम्मीद है, जिन्हें पहले ऐसी गंभीर प्रक्रियाओं के लिए राज्य से बाहर जाना पड़ता था। साहा के दौरे में न्यूरोसर्जरी और नेफ्रोलॉजी विभागों की गहन समीक्षा और डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ दवा, उपकरण रखरखाव और गुणवत्ता नियंत्रण पर चर्चा भी शामिल थी। किडनी ट्रांसप्लांट सुविधाओं और आयरन रिमूवल प्लांट दोनों की स्थापना राज्य भर में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसमें लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), विद्युत विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ परामर्श जारी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी लंबित कार्य कुशलता से पूरे किए जाएं।

# नियामक ने दवा निर्यात के लिए एनओसी जारी करने की राज्य लाइसेंसधारकों की शक्ति रद्द

**नई दिल्ली:** भारत के औषधि नियामक ने निर्यात उद्देश्यों के लिए अस्वीकृत, प्रतिबंधित या नई दवाओं के निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने के लिए राज्य लाइसेंसिंग अधिकारियों को सौंपी गई शक्तियों को वापस ले लिया है। यह कदम कई देशों में घटिया भारतीय दवाओं के कारण स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के मद्देनजर उठाया गया है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) द्वारा जारी एक नोटिस में कहा गया है कि उद्योग 15 मई से ऑनलाइन मोड के माध्यम से क्षेत्रीय कार्यालयों से फिर से आवेदन कर सकता है। इसने उद्योग से निर्यात उद्देश्यों के लिए अस्वीकृत, स्वीकृत नई दवाओं और प्रति. बंधित दवाओं के निर्माण के लिए एनओसी के लिए नए सिरे से आवेदन करने को कहा। नोटिस में कहा गया है, इसके अनुसार, राज्य/केंद्र शासित प्रदेश लाइसेंसिंग प्राधिकरण को सौंपी गई शक्ति 15 मई, 2024 से वापस ले ली जायेगी और ऐसे एनओसी सीडीएससीओ क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख द्वारा दिए जाएंगे। नियामक ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों से 2 अगस्त, 2018 से 14 मई, 2024 तक जारी सभी एनओसी को सीडीएससीओ के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों को सौंपने को कहा। यह कदम कई घटनाओं की पृष्ठभूमि में उठाया गया है, जिसमें भारत में निर्मित दवाओं और कफ सिरप को कथित रूप से दूषित पाया गया है। गाम्बिया द्वारा आयातित कफ सिरप कथित रूप से डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) और एथिलीन ग्लाइकॉल (ईजी) से दूषित पाए गए, जिसके परिणामस्वरूप बच्चों में तीव्र किडनी की चोट के मामले सामने आए। मार्च में यूनाइटेड स्टेट्स सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) और गाम्बियन वैज्ञानिकों द्वारा की गई एक जांच ने में आयातित डीईजी या ईजी से दूषित दवाओं के कारण बच्चों में ये मामले सामने आए।

# फर्जीवाड़ा कर सर्टिफिकेट जारी करने पर फार्मेसी काउंसिल के पूर्व-रजिस्ट्रार पर केस दर्ज

**नई दिल्ली:** दिल्ली फार्मेसी काउंसिल के पूर्व-रजिस्ट्रार और फार्मासिस्ट कुलदीप सिंह के खिलाफ केस दर्ज किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। यह कार्रवाई एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने की है। पूर्व-रजिस्ट्रार पर अपने कार्यकाल के दौरान तीन लोगों को फर्जी दस्तावेज के आधार पर रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी करने का आरोप है। एसीबी ने यह कार्रवाई सेक्शन ऑफिसर अजय सचदेवा की शिकायत पर की। बतां दे काउंसिल पहले ही कुलदीप सिंह को सस्पेंड कर चुकी है।

**अगले अधिकारी को तीन महीने तक चार्ज नहीं सौंपा:** बताया गया है कि रजिस्ट्रार के दस्तावेजों और सत्यापन रिपोर्ट को निलंबन का आदेश जारी होने के बाद रजिस्ट्रार कार्यालय में ताले में बंद कर रखा था। उन्होंने तीन माह से अधिक समय तक अगले अधिकारी को चार्ज भी नहीं सौंपा।

**इनके सर्टिफिकेट मिले जाली :** जिन तीन अभ्यर्थियों के दस्तावेज जाली पाए गए हैं, उनमें मोहम्मद मुज्जसिम निवासी संभल, यूपी का सरकारी अस्पताल में ट्रेनिंग का सर्टिफिकेट जाली निकला। दूसरे अभ्यर्थी मदन दुबे का भी ट्रेनिंग सर्टिफिकेट फर्जी पाया गया था। वहीं, तीसरे अभ्यर्थी हीरा का बिहार बोर्ड ओपन स्कूलिंग का बारहवीं का सर्टिफिकेट भी जाली मिला। यह फर्जीवाड़ा वर्ष 2022-23 के दौरान हुआ बताया गया है।

**तीन अभ्यर्थियों को फार्मेसी में रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी किए :** शिकायतकर्ता सेक्शन ऑफिसर काउंसिल अजय सचदेवा का आरोप है कि दिल्ली फार्मेसी काउंसिल के पूर्व रजिस्ट्रार व फार्मासिस्ट कुलदीप सिंह के निलंबन के बाद फाइलों की जांच की गई। इसके बाद इन तीन लोगों के रजिस्ट्रेशन में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया। पूर्व रजिस्ट्रार ने तीन अभ्यर्थियों को फार्मेसी में रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी किए थे। इन तीनों ने ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से फार्मासिस्ट के रूप में रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया था।

# साइनस रोग पर आयुर्वेद परिचर्चा

मल-मूत्र एवं छींक आदि के वेगों को रोकने से, अजीर्ण होने से, धूल के नाक में जाने से, अधिक बोलने से, अधिक क्रोध करने से, ऋतुओं की विषमता से, शिर: थूल होने से, रात्री जागरण से, अधिक सोने से, ठन्डे जल का उपयोग करने से, ओस के प्रभाव से, अधिक मैथुन करने से, अधिक आँसु गिराने से और धुंआ लगने से जब शिर में कफ अधिक संचित हो जाता है तब बढ़कर प्रतिश्याम रोग को उत्पन्न होता हैं।

**वातज प्रतिश्याम का लक्षण** – वात के कारण होने वाले प्रतिश्याम में नाक में दर्द और सुई चुभाने जैसी पीड़ा, छींक आना, पानी जैसा नाक से स्त्राव होना, शिर: थूल और स्वरभेद होना।

**पित्तज प्रतिश्याय का लक्षण** – पित्तज प्रतिश्याय में नासिका का अग्रभाग पक जाता है, ज्वर होता है, मुख सुखता है, प्यास लती है और गरम-गरम पीला द्रव निकलाता हैं।

**कफज प्रतिश्याय का लक्षण** – कफज प्रतिश्याय में कास, भोजन में अरूची, गाढे कफ का स्त्रावल होना और नाक में खुजली होना।

**सन्निपातजं प्रतिश्याय के लक्षण** – त्रिदोषज प्रतिश्याय या पीनस में तीनों दोषों के जो लक्षण कहे गये हैं, वे सब होते है और इसमें तीव्र पीड़ा होती हैं।

**दुष्ट प्रतिश्याम और उसके उपद्रव** – जब प्रतिश्याम रोग की ठीक समय पर उचित चिकित्सा नहीं की जाती है और आहितकर आहार किया जाता है, तब वह उपेक्षित हुआ प्रतिश्याय का रूप धारण कर लेता हैं। उसके बाद उपद्रवस्वरूप अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न हो जाते है। जैसे-छिंके आना, नाक का सुख जाना, प्रतिनाह (नाक का बंद हो जाना), नाक से बहुत पानी निकलते रहना, नाक से सड़न जैसी दुर्गन्ध आना, अपीनस होना (सदैव सर्दि जुकाम बना रहना) नाक का पकना, नाक में सुजन आना, नाक में ग्रन्थी बनना, नाक में पूय जमा होना, नाक से रक्त आना, नाक में छोटी फुन्सियाँ होना, सिर, कान और आँख के रोगों का होना, सिर के बालों का झड़ना (खालित्य), पालिव्य (सिर के बालों का सफेद होना, प्यास लगना, दम फूलाना, खाँसी आना, ज्वर होना, रक्तपित्त रोग होना, स्वर भेद होना और राज्यक्षमा होना-ये उपद्रव होते हैं।

**चिकित्सा सूत्र** – प्रतिश्याय सामान्यत: वेगों को रो. कने, अत्यंत भाषण, ऋतु की विषमता का या परिवर्तन, अत्यंत जागरण, शीतलजल, ओस, मैथुर और धुंआ से होता है। बारम्बार प्रतिश्याय होना धातुक्षय का एक लक्षण है। इससे बचना चाहिए। क्योंकि प्रतिश्याय के अच्छा न होने पर कास और कास अच्छा न होने पर यक्ष्मा हो जाता है।

सामावस्था में लंघन कराये, सहने योग्य अधिकतम उष्ण जल अधिकतम मात्रा में बारम्बार पिलायें। अधिकतम उष्ण जला का सेवन करें। अदरक का सेवन करें। सिर की पीड़ा में दाल चीनी व लंवण में से किसी एक का या दोनों का लेप करें। पक्व प्रतिश्याय में छींक लाये। सिर पर तेल रखें। पसीना लाये। कटु पदार्थ आदि, सोंठ, हिंग आदि से युक्त लघु भोजन करें।

**पथ्य** – प्रारम्भ में लंघन, तत्पश्चात मूँग, परवल, आदी, हलसुन मलाई युक्त दही मधु मिलाकर, गुड़, उष्ण जल, बकरी का दूध, काली मिर्च आदि।

- 1 चम्मच सितोपलादि और आधा चम्मच ताली. सादि चूर्ण मिलाकर सुबह-शाम गरम पानी से एक हफ्ते लें।
- आधे चम्मच मधुयस्ती चूर्ण को आधे चम्मच शहद में मिलाकर सुबह-शाम एक हफ्ते तक लें।
- सोने से पहले नाक में गाय के घी की दो-दो बूंदें तीन दिन तक डालें। पिघले घी को ही नाक में डालें।

**योग में इलाज**

- सुबह उठकर 1 से 2 मिनट जल नेति
- कुंजल क्रिया 2 से 5 मिनट
- कपालभाति 5 से 7 मिनट
- महावीर आसन 2 से 3 बार
- वीर आसन 2 से 3 बार
- पृष्ठचालन आसन 2 से 3 बार
- शलभासन 2 से 3 बार
- धनुर्रासन 2 से 3 बार
- मंडूकासन 2 से 3 बार
- लिंग मुद्रा 2 से 3 बार
- अनुलोम-विलोम प्राणायाम 2 से 5 मिनट
- भस्त्रिका प्राणायाम 2 से 5 मिनट

**इसके बाद 2 से 5 मिनट ध्यान में बैठें या 2 से 5 मिनट तक शवासन करें।**

पानी को उबालकर ठंडा करके उससे नेति क्रिया करें। नेति क्रिया किसी योग गुरु की देखभाल में दिन में एक बार और एक महीने लगातार करते रहें। बिना एक्सपर्ट कि सलाह के ना करें, सामान्यत इसका उपचार कफज मान कर करना ठीक होता है।

नाक से पानी आना,सर, शरीर का भारीहोना, कान , दांत, सर मे दर्द, कुपाचन, मुख से दुर्गन्ध आना, स्मरण शक्ति कमजोर होना, ज्वर,आलस्य आदि लक्षण होते है नासाछिद्र शोथ,श्वास-प्रश्वास में कठिनाई आदि।औषधि विवरण भाप -चव्य, चित्रक, त्रिकुट, वासा, दालचीनी, तुलसी, बहेङा छिलका सैन्धानमक हल्दी, सब सम भाग लेकर दो से तीन बार भाप ले।

**(सभी औषधियों न प्राप्त होने पर जो अधिकतम मिल सके उनका प्रयोग करे) इसका ही क्वाथ गरम गरम शहद डालकर पीये। दिन मे दो से तीन बार**

मल्लसिन्दूर, 1ग्राम. लौह भस्म, 10 ग्राम अभ्रक भस्म 10 ग्राम. तालिसादि चूर्ण 120ग्राम 50मात्रा, 1×3 शहद से.

लक्ष्मी विलास रस 2×3 अणु या षड विन्दु, अथवा क्षार तैल नस्य शीतल कफज खाद्य व वास परहेज करे।

उष्ण जल खाने पीने स्नान मे प्रयोग करे।

वेद अमेन्द्रमोहन
मो० न० 9415037450



## बेहोशी की स्थिति में क्या न करें: बेहोश लोगों को पानी देने या जबरदस्ती खिलाने के खिलाफ स्वास्थ्य मंत्रालय की चेतावनी

**नई दिल्ली:** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 15 अक्टूबर को हीटवेव से निपटने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है, हीटवेव आ गई है, लेकिन हम इसके लिए तैयार हो सकते हैं!ष अगर आपको चक्कर आ रहे हैं या बेचौनी हो रही है, तो इन प्राथमिक उपचार निर्देशों का पालन करके हीटवेव के लिए तैयार रहें : पानी पीकर खुद को हाइड्रेट करें, अगर हो सके तो अपने कपड़े उतार दें, तुरंत किसी ठंडी जगह पर चले जाएं, पानी से नहाएं और अगर आप बेहोश हैं तो जबरदस्ती खाना न खिलाएं या पानी न दें। इन नियमों में सबसे महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि बेहोश होने वाले लोगों को जबरदस्ती खाना या पानी न दिया जाए। बेहोश व्यक्ति में निगलने की क्रिया की कमी होती है, जिसके परिणामस्वरूप आकांक्षा हो सकती है। इसका मतलब है कि भोजन या तरल पदार्थ पेट के बजाय फेफड़ों तक पहुंच सकते हैं, जिससे श्वसन संबंधी परेशानी और निमो. निया हो सकता है।

**15**
**अक्टूबर को हीटवेव से निपटने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए**

अनुचित तरल पदार्थ प्रशासन के परिणामस्वरूप रक्त इलेक्ट्रोलाइट असामान्यताएं हो सकती हैं। दौरे, असामान्य हृदय ताल और अन्य समस्याएं इसके परिणामस्वरूप हो सकती हैं। मौखिक सेवन पर जोर देकर, व्यक्ति कोमा के कारण का पता लगाने के लिए उचित चिकित्सा मूल्यांकन प्राप्त करने में देरी कर सकता है। बेहोश लोगों को पानी देने या जबरन खिलाने के खिलाफ नियम गैर-परक्राम्य हैं। वायुमार्ग की सुरक्षा और सुरक्षा पर इस दिशानिर्देश का मौलिक ध्यान इसे सभी चिकित्सा स्थितियों में लागू करता है। यह एक मौलिक सिद्धांत है कि केवल सचेत व्यक्ति जो अपने वायुमार्ग की रक्षा करने और जानबूझकर निगलने में सक्षम हैं, उन्हें विशेष चिकित्सा परिस्थितियों की परवाह किए बिना भोजन या पानी लेना चाहिए।

यह व्यापक अनुप्रयोग इस बात पर जोर देता है कि पोषण देने के लिए कब उपयुक्त है यह तय करने में चेतना और वायुमार्ग की अखंडता कितनी महत्वपूर्ण है। चिकित्सा सहायता की आवश्यकता वाले बेहोश व्यक्ति की भलाई सुनिश्चित करने के लिए, आम लोगों को कुछ कार्य करने चाहिए। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, उन्हें बेहोश व्यक्ति को जितनी जल्दी हो सके कोमा में डालने और उन्हें पार्श्व या रिकवरी मुद्रा में रखने की आवश्यकता है। यह स्थिति खुले वायुमार्ग को बनाए रखना आसान बनाकर और मौखिक स्राव की निकासी में सहायता करके वायुमार्ग की रुकावट के जोखिम को कम करती है। तुरंत आपातकालीन चिकित्सा सहायता लें। ठोड़ी को ऊपर उठाएं और एक अवरोध रहित वायुमार्ग बनाए रखने के लिए सिर को एक तरफ थोड़ा झुकाएं। सुनिश्चित करें कि बेहोश व्यक्ति हर समय सांस ले रहा है। रिकवरी पोजीशन में बेहोश व्यक्ति को उसकी तरफ पलट दें। अगर वह उल्टी करता है, तो इससे उसकी सांस की नली खुली रहती है और उसका दम घुटने से बचाव होता है।

## फर्जी मेंटल हॉस्पिटल का पर्दाफाश, 6 मरीज जंजीरों से बंधे मिले

**गाजीपुर:** फर्जी मेंटल हॉस्पिटल के भंडाफोड़ का मामला सामने आया है। यह अस्पताल 10 सालों से संचालित किया जा रहा था। इस हॉस्पिटल में इलाज करवा रहे एक मरीज की मौत होने पर इसका भांडा फूटा। हॉस्पिटल की तलाशी लेने पर उसमें 6 मरीज जंजीर से बांधे गए मिले। इन मरीजों को रिहा करा दिया गया है।

गाजीपुर के जमानिया में सहारा जन कल्याण नाम से एक मेंटल हॉस्पिटल चल रहा है। इस हॉस्पिटल में एक मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई है। इससे स्वास्थ्य विभाग में हडकंप मच गया। जब स्वास्थ्य विभाग ने हॉस्पिटल का निरीक्षण किया तो कई राज सामने आए। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह हॉस्पिटल अवैध रूप से संचालित हो रहा है। यहां पर जंजीरों में जकड़े 6 मरीज भी मिले। इन मरीजों को रिहा कर उनके परिजनों के हवाले किया गया है। हालांकि, कार्रवाई के करीब तीन दिन बीत जाने के बाद अभी तक भी इस हॉस्पिटल को सीज नहीं किया गया है।

जमानिया के मदनपुरा गांव में चल रहे इस फर्जी हॉस्पिटल में 10 सालों से मानसिक रोगियों का इलाज किया जा रहा है। हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में नहीं कराया गया था। इसकी पोल तब खुली, जब बिहार निवासी एक मरीज विकास की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों की शिकायत पर अस्पताल के संचालक पिता और पुत्र पर 302 का मुकदमा कर उन्हें जेल भेज दिया गया। चिकित्सा अधीक्षक जमानिया डॉ. रवि रंजन की शिकायत पर केस दर्ज किया गया। हॉस्पिटल को अभी सीज नहीं किया गया है। जमानिया चिकित्सा अधीक्षक डॉ रवि रंजन ने बताया कि हॉस्पिटल पर विभागीय कार्रवाई के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को भेजा जा चुका है। अनुमति मिल जाने पर हॉस्पिटल सीज की कार्रवाई को अमल में लाया जाएगा।






## स्वप्न शास्त्र

### शरीर पर तेल मलना



डॉ॰ सुरेन्द्र कुमार शर्मा

शारीरिक कष्टों से मुक्ति मिलेगी तथा स्वास्थ्य में सुधार होगा। चर्म रोगों से मुक्ति होगी तथा सौंदर्य में वृद्धि होगी। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी तथा मानसिक संतोष की प्राप्ति होगी। पारिवारिक सदस्यों के मध्य दूरियां कम होंगी तथा एक साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा। परिजनों के मध्य स्नेह एवं विश्वास की स्थापना होगी। सरकारी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी तथा रुके हुए सरकारी कार्य पुन: प्रारम्भ होंगे तथा सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण रूप होंगे। अथक प्रयत्नों से बिगड़े हुए कार्य बनेंगे तथा लाभ की प्राप्ति होगी। आर्थिक प्राप्ति का समय अच्छा है। आय के नये स्त्रोत खुलेंगे तथा जीविकोपार्जन की कठिनाइयां दूर होंगी। शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त होगी तथा आत्म-विश्वास में वृद्धि होगी। विरोधी परास्त होंगे तथा मानसिक सुख की प्राप्ति होगी। धन की कमी दूर होगी तथा व्यय पर अंकुश लगेगा। धन का संचय होगा एवं घरेलू सुख के साधनों में वृद्धि होगी। नये-नये कार्यों की योजनाएं बनेंगी तथा नवीन व्यापार करने का अवसर प्राप्त होने की संभावना हैं आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा तथा घर में धन का निरन्तर आगमन होगा।

### नेवला देखना

स्थिति अत्यंत गंभीर है, शत्रु प्रत्येक तरीके से हानि पहुंचाएंगे। इसी कारण हर समय भयभीत रहेंगे। परिवार के सदस्यों की जान को भी खतरा हो सकता है। मौका मिलते ही शत्रु आक्रमक करेंगे और आपको हानि पहुंचाएंगे। व्यर्थ ही वाद-विवाद होगा और चोट भी लगने की संभावना है। शत्रु व्यापार आदि में अवरोध पैदा करेंगे। व्यापार में हिस्सेदार विश्वासघात करेगा और बहुत बड़ी हानि उठानी पड़ सकती है। सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

– डॉ॰ सुरेन्द्र कुमार शर्मा, मो॰ 9711034710, 8630907504

## लैक्मे कंपनी के नाम से बिक रहे नकली ब्यूटी प्रोडक्ट बरामद किए

**बालाघाट:** लैक्मे कंपनी के नाम से बाजार में दुकानों पर बिक रहे नकली ब्यूटी प्रोडक्ट बरामद किए गए हैं। जब्त किए गए सामान की कीमत करीब 1.20 लाख रुपये बताई गई है। यह कार्रवाई मुंबई से आई टीम ने कोतवाली पुलिस टीम को साथ लेकर गुजरी बाजार में चार दुकानों पर की। बालाघाट शहर में लंबे समय से नामी कंपनी के नाम से नकली सौंदर्य प्रसाधन सामग्री (कॉस्मेटिक प्रोडक्ट) बेचे जा रहे थे। इनमें लैक्मे कंपनी का फाउंडेशन, क्रीम आदि कंपनी के नाम से बेची जा रही थी। पैकिंग और लिखावट एक जैसी दिखने के कारण ग्राहक इन नकली उत्पादों को बेधडक खरीद रहे थे। मुंबई से आई चार सदस्यीय टीम ने बताया कि कंपनी को कापीराइट और नकली उत्पाद बेचने की शिकायत मिली थीं। करीब 12 दुकानों से इन नकली उत्पादों को खरीदकर सैंपल लिए गए और इनकी प्रयोगशाला में जांच की गई। जांच में सारे उत्पाद नकली होने की पुष्टि हुई। इनमें से चार दुकानों को संदिग्ध मानते हुए वहां दबिश दी गई है। इसके बाद मुंबई से लैक्मे कंपनी की जांच टीम बालाघाट पहुंची थी।

टीम ने बालाघाट पुलिस के साथ गुजरी बाजार में चार दुकानों पर दबिश दी। प्रत्येक दुकान से महिलाओं व युवितयों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले नकली उत्पादों को जब्त किया गय। इनकी अनुमानित कीमत 1.20 लाख रुपये है। जांच टीम ने आरोपी दुकान संचालकों के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करा दी है।

## आईटी एक्ट में 2016 के संशोधन को चुनौती देने वाली सीरम इंस्टीट्यूट की याचिका पर सुनवाई 17 तक स्थगित

